राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 14 ( )/काउ.(सत्र 2021–22)/रा.पै.मेडि.कौं/2022/ 146 **दिनांकः**–12.10.2022

–::सार्वजनिक सूचना::–

विषय : प्रवेश सत्र 2021–22 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सर्व साधारण व समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2021–22 में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों/संस्थानों में चार चरणों की काउन्सलिंग के माध्यम से नियमानुसार पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आवंटन किये गये थे, जिसके पश्चात् भी कौंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त कुछ महाविद्यालय/संस्थानों में विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु सीटें रिक्त रह गई है, जिसकी सूची विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है।

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर की बैठक दिनांक 12.10.2022 में लिये गये निर्णयानुसार महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों के लिए महाविद्यालय/संस्थान अपने स्तर पर अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन फार्म प्राप्त कर कोर्सवार योग्य अभ्यर्थियों की मेरिट सूची कौंसिल को प्रस्तुत करेंगे।

आवेदन प्राप्ति के उपरान्त सभी महाविद्यालय/संस्थान योग्य अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के पोर्टल पर संस्थान की SSO ID के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता हैः–

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा रिक्त सीटों पर प्रवेश के संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी करने की तिथि।	15.10.2022
2	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त करना।	16.10.2022 से 26.10.2022 तक
3	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों की प्राथमिक जांच।	27.10.2022
4	महाविद्यालय/संस्थान अपनी SSO ID से मेरिट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की सूची मय दस्तावेज कौंसिल को प्रस्तुत करने की तिथि।	28.10.2022
5	समस्त प्राप्त आवेदन पत्रों की **कोर्सवार सूची (A)** एवं मेरिट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की **कोर्सवार सूची (B)** कौंसिल को भिजवाने की तिथि।	28.10.2022
5	अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क राशि 10,000/– जमा कराने की अन्तिम तिथि	01.11.2022
6	कौंसिल की जांच/काउन्सलिंग के उपरान्त वरीयतानुसार योग्य चयनित अभ्यर्थियों के प्रोविजनल आवंटन पत्र डाउनलोड/जारी करने की तिथि।	07.11.2022
7	महाविद्यालय/संस्थान में उपस्थिति प्रस्तुत करने की तिथि।	07.11.2022 से 11.11.2022 तक

संलग्नः– प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– प. 14 ( )/काउ.(सत्र 2021–22)/रा.पै.मेडि.कौं/2022/ 146 **दिनांकः**– 12.10.2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर।
2. निदेशक (तकनीकी) राजकोम्प (RISL) जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचनार्थ।
4. सत्र 2021–22 में पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
5. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करावें।
6. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार